देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 4 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**पैसे पाने के लिए प्रदर्शन



देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मार्च 2020

# पेज थ्री



मौसम — अधिकतम 28.0° न्यूनतम 17.0°

28535.78 | 2 अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर | 7 हरभजन क्यों कर रहे अफरीदी की तारीफ

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम कमलनाथ ने खुद को आइसोलेट किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
भोपाल। राजधानी भोपाल में बुधवार को कोरोनावायरस के संक्रमण का दूसरा मामला सामने आ गया है। रविवार को कोरोना पॉजिटिव मिली लड़की के पिता में भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। लड़की के पिता पत्रकार हैं। खास बात ये हैं कि 20 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए थे। इसमें कमलनाथ ने इस्तीफे का ऐलान किया था। इसके साथ ही इंदौर के अस्पतालों में भर्ती पांच मरीजों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि के बाद प्रशासन ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। पत्रकार में संक्रमण सामने आने पर कमलनाथ ने भी खुद को आइसोलेट कर लिया है।

### तमिलनाडु में पांच नए मामलों की पुष्टि, इंडोनेशियाई नागरिक हैं चार मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तमिलनाडु। तमिलनाडु में कोरोना वायरस पांच नए मामले सामने आए हैं। इनमें से चार इंडोनेशियाई नागरिकों और चेन्नई से उनके गाइड की सलेम मेडिकल कॉलेज में टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वे 22 मार्च से क्वारंटाइन हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सी विजयभास्कर ने इसकी जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 25 मार्च 2020 सुबह 9.15 बजे तक भारत में मरीजों की संख्या 587 हो गई है। मरनेवालों की संख्या 11 हो गई है।

### ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लंदन। खतरनाक कोरोना वायरस की जद में ब्रिटेन का राजघराना भी आ गया है। ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। वह पहले ही स्कॉटलैंड में आइसोलेशन में हैं। वहीं, उनकी पत्नी कैमिला निगेटिव पाई गई हैं। कुछ दिन पहले ही चार्ल्स की मुलाकात मोनैको के प्रिंस ऐल्बर्ट से हुई थी जो बाद में कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे।

# घबराहट में घर में न भरें सामान

सरकार तीन महीने का राशन अडवांस में देगी, देश के 80 करोड़ लोगों को राशन मिलेगा

## 21 दिन खुली रहेंगी दुकानें: प्रकाश जावड़ेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन है। घबराहट में लोग सामान खरीदकर अपने घरों में भर रहे हैं ताकि आने वाले दिनों में परेशानी न हो। इसी बीच कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सरकार तीन महीने का राशन अडवांस में देगी। देश के 80 करोड़ लोगों को राशन मिलेगा। किसी जरूरी सामान की कमी नहीं होने दी जाएगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है की लॉकडाउन की विस्तारित अवधि में देशभर में कहीं भी आवश्यक वस्तुओं की दुकानें बंद नहीं होंगी। लोग घबराकर सामानों की खरीदारी नहीं करें, नहीं तो इससे जमाखोरी और कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक सेवाओं की सभी दुकानें हर रोज खुलेंगी, चाहे दूध हो, फल–सब्जी हो, अंडा–मांस हो या फिर अन्य जरूरी सामान। सभी वस्तुएं वैसे ही उपलब्ध होंगी, जैसे आम दिनों में उपलब्ध होती है। उन्होंने गुजरात के एक शहर और पुडुचेरी की एक दुकान का फोटो दिखाकर कहा कि लोग जागरूक हों।



### कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त होगी कार्रवाई

जावड़ेकर ने कहा कि कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया सरकार 27 रुपये कीमत का गेहूं 2 रुपये में देती है और हम राज्यों को अडवांस में जरूरी सामान भेज रहे हैं। कुछ सामानों की कालाबाजारी से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार इस तरह का काम करता है तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यह संकट की घड़ी है, एक दूसरे का साथ दें। जमाखोरी ना करें नहीं तो मजबूरन सरकार को कार्रवाई करनी होगी। दुकान में खरीदारी करते वक्त भी उचित दूरी बनाकर रखें। इससे वह सामान भी ले पाएंगे और संक्रमण से भी बचे रहेंगे।

### रेलवे ने भी बढ़ाया लॉकडाउन, 14 अप्रैल तक सभी यात्री ट्रेनें रद

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन के मद्देनजर सभी यात्री ट्रेनें अब 14 अप्रैल तक रद कर दी गई हैं। रेल मंत्रालय ने दी जानकारी। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्धतिद्ध में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले रेलवे बोर्ड की बैठक के बाद रेल मंत्रालय ने 22 मार्च मध्यरात्रि से 31 मार्च तक सभी ट्रेनें रद करने का फैसला किया था। आदेश में कहा गया था कि इस दौरान केवल मालगाड़ी ही चलेंगी। अभी भी मालगाड़्धियों के आवागमन पर रोक नहीं लगाई गई है। यानी देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए माल गाड़ियों की आवाजाही जारी रहेगी।

## दून विधानसभा में हुई गैरसैंण विस सत्र की शेष कार्यवाही

# उत्तराखण्ड विनियोग बिल ध्वनिमत से पारित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून, 25 मार्च। भराड़ीसैंण गैरसैंण विधानसभा बजट सत्र के शेष अवधि के सत्र की शुरूआत दून स्थित विधानसभा में हुई। सदन में ध्वनिमत से उत्तराखंड विनियोग विधेयक पारित हो गया। इसके साथ ही सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

बुधवार को सदन की शुरूआत प्रथम नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देने के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कोरोना वायरस की गम्भीरता और राज्य की तैयारी के सम्बंध में सदन को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा लगातार इस पर निगाह रखी जा रही है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विधानसभा में अपने अभिभाषण में कहा कि कोरोना वायरस आज जब सम्पूर्ण मानव जाति के समक्ष एक अति गम्भीर चुनौती है। कोरोना वायरस ने शक्तिशाली एवं सम्पन्न राष्ट्रों को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना को भारत एवं उत्तराखण्ड परास्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नोएडा में एक और मरीज की पुष्टि

राज्य में संक्रमण की सम्भावना को देखते हुए भारत नेपाल सीमा की समस्त चौकियों में जनपद चम्पावत के बनबसा व टनकपुर में, जनपद पिथौरागढ के धारचुला, बलुवाकोट, जोलजीवी, बालाघाट व ज्यूरा में तथा जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। अब तक उक्त जगहों पर 55109 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें कोई भी कोरोना संक्रमण संदिग्ध नहीं मिला है। प्रत्येक स्क्रीनिंग प्वाइंट पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, इन्फारेड थर्मोमीटर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा को सील कर दिया गया है।

### सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कोरोना वायरस महामारी को रोकने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन एवं चिकित्सा विशेषज्ञों से सलाह लेते हुए हमारी सरकार ने अनेकों प्रभावी कदम उठाए हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार स्थिती पर निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस महामारी से लड़ने के प्रयास में उत्तराखण्ड भारत के अग्रणी राज्यों में से एक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों के अन्तर्गत एपिडेमिक डिजीज कन्ट्रोल एक्ट–1897 के प्राविधानों के अन्तर्गत कोविड–19 रेगुलेशन राज्य में लागू किया गया तथा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य टास्क फोर्स का गठन किया गया है। साथ ही, मंत्रिमंडल की दो आपात बैठकें, इसी चुनौती से निपटने हेतु की जा चुकी हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 'सोशल डिस्टेंसिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नए कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए बुधवार को आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल के बैठक में भी 'सोशल डिस्टेंसिग' की नीति अपनाई गई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7 लोक कल्याण मार्ग पर की गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जब भी संक्रमित शख्स कोई खांसता या छींकता है तब उस दौरान नाक या मुंह से निकले ड्रॉप ही संक्रमण फैला सकता है। इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग आवश्यक है।

सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की ओर से सोशल डिस्टेंसिंग का मतलब बताया गया है। इसके अनुसार, अलग रहना, भीड़ से और सामूहिक समारोहों से बचना और लगभग 2 मीटर की दूरी बनाए रखना ही सोशल डिस्टेंसिंग है।

### दूर-दूर रहीं कुर्सियां

लॉकडाउन के दौरान आवश्यक जरूरतों के लिए दुकानें खुली रहेंगी। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग को बरकरार रखने के लिए तरह–तरह के तरीके अपनाए जा रहें हैं। लोगों में जागरुकता दिख रही है। दुकानों में भीड़ नहीं है लोग इंतजार में खड़े दिखाई दे रहे हैं। कई दुकानों के बाहर ग्राहकों के लिए गोल गोल सफेद घेरा बना दिया है जिसमें वे खड़े हो अपनी बारी का इंतजार करते हैं। पीएम ने देश में 21 अप्रैल तक पूर्ण रूप से लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है।

## 500 रुपये देकर मालिक बोले–घर जाओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में काम करने वाले हजारों मजदूर राजस्थान में अपने घर पैदल वापस जाने को मजबूर हैं। इन मजदूरों के मालिकों ने कोरोना के खतरे के मद्देनजर किए गए श्लॉकडाउनश की वजह से अपने काम बंद कर दिए बुधवार को साबरकांठा जिले में हाईवे पर अपने बच्चों और सामान के साथ पैदल जाते हुए मजदूरों को देखा गया। इनमें से कई बुधवार दोपहर को इदर, हिम्मतनगर और प्रांतिज पहुंचे। भयंकर गर्मी के बीच इनके चेहरे पर थकान साफ झलक रही थी। राजस्थान के एक मजदूर तेजभाई ने कहा, मैं अहमदाबाद के रानीप इलाके में काम कर रहा था और मेरे मालिक ने मुझे काम बंद करके वापस जाने को कह दिया। उन्होंने मुझे बस किराया दिया, लेकिन सभी सार्वजनिक परिवहन बंद हैं, इसलिए हम पैदल अपने गांव वापस जाने को मजबूर हैं।

### 5 अगस्त को हिरासत में लिए गए थे उमर

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in